बिहार मानवाधिकार आयोग

9, बेली रोड, पटना– 800015

21/024
27/12/24

सूचना

बिहार मानवाधिकार आयोग द्वारा अपने कार्यकाल का 14 वर्ष पूर्ण कर लिये जाने के अवसर पर ऊर्जा विभाग ऑडिटोरियम, शास्त्रीनगर, पटना से दिनांक 21.01.2023 को एक समारोह का आयोजन किया जाना है। समारोह का आयोजन पूर्वाह्न 10 बजे से 02 बजे अपराह्न तक होना है। उक्त समारोह में लगभग 700 लोगों के भाग लेने की संभावना है। समारोह में भाग लेने वाले सभी आगंतुको के लिए दोपहर का भोजन (भेज/ ननभेज) एवं 100 गणमान्य व्यक्तियों के लिए हाई–टी की व्यवस्था की जानी है। उक्त हेतु दिनांक 03.01.2023 को अपराह्न 3 बजे तक उप सचिव, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना के नाम से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

उप सचिव, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को सम्बोधित कोटेशन निर्धारित तिथि/ समय तक किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय अवधि में हाथों–हाथ उप सचिव कोषांग में उपलब्ध कराया जा सकता है। निर्धारित तिथि/ समय दिनांक 03.01.2023 को अपराह्न 3 बजे के उपरान्त इस सूचना से संबंधित कोई भी कोटेशन कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जायेगा।

कोटेशन की शर्तें निम्नवत् है :–

(1) सरकारी समारोहों एवं आयोजनों में पूर्व का अनुभव रखने वाले फर्म को प्राथमिकता दी जाएगी। कोटेशन के साथ पूर्व में किए गए कार्यो का प्रमाण समर्पित करना आवश्यक होगा।

(2) अतिथियों एवं समारोह के आगंतुकों को सम्मान एवं सुविधापूर्वक हाई–टी एवं दोपहर का भोजन सर्व करने हेतु पर्याप्त कर्मी एवं उपस्कर की व्यवस्था चयनित कोटेशनदाता के द्वारा किया जायेगा।

(3) प्राप्त कोटेशनों पर निर्णय लेने हेतु क्रय समिति की बैठक दिनांक 03.01.2023 को अपराह्न 05:00 बजे निर्धारित की जाती है। कोटेशन दाताओं से अनुरोध होगा कि वे सरकारी आयोजनों में उनके स्तर से पूर्व में की गयी कैटरिंग अनुभव संबंधी प्रमाण के साथ क्रय समिति की बैठक में उपस्थित रहेंगे।

27/12/2024

उप सचिव

बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना